फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

रूगराई बनाम राज0 सरकार

किस्म मुकदमा–प्रा0पत्र 128 एल.आर.ए. मु0नं0– 77/2023

पीठासीन अधिकारी– डॉ0 नवनीत कुमार (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.02.2026	पत्रावली वास्ते निर्णय प्रार्थना पत्र 128 एल.आर.ए. हेतु पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र इन तथ्यों के साथ पेश किया गया कि प्रार्थी की भूमि वाके रामा पांचोली तह0 सिकराय जिला दौसा में स्थित है। जिसके आराजी खसरा नंबर 77 रकबा 0.50 है0 है जिसकी खातेदारी प्रार्थी के नाम दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। जिस पर प्रार्थी का कब्जकाश्त कर मुस्तफिद फायदे उठाता चला आ रहा है। उक्त भूमि का सीमाज्ञान तहसीलदार सिकराय के आदेश से दिनांक 19.06.2023 को किया जा चुका है। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा दौराने बहस निवेदन किया कि उक्त भूमि का सीमाज्ञान करवा रखा है किन्तु उक्त भूमि के सीमाचिन्हो को जानवरो एवं बरसात की वजह से उक्त सीमाचिन्ह नष्ट हो चुके है। जिसके कारण पडौसी खातेदार द्वारा सीमाचिन्हों के नष्ट होने का नाजायज फायदा उठाकर प्रार्थी की भूमि पर जबरदस्ती कब्जा करने आमादा रहते है। मौके पर पत्थरगढी नहीं होने से खेत में पैदा होने वाली फसल की सुरक्षा जंगली जानवरो से नहीं हो पा रही है। इसलिए प्रार्थना पत्र स्वीकार कर पत्थरगढी के आदेश प्रदान किए जावे। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी तहसीलदार से प्रकरण मे जवाब तलब किया गया। तहसीलदार द्वारा पत्रांक भू0अ0/2026/174 दिनांक 13.01.2026 द्वारा जवाब पेश किया गया। जवाब स्टेट एवं पत्रावली के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि प्रार्थना पत्र में वर्णित भूमि प्रार्थी की खातेदारी भूमि है जिसका विधिवत पत्थरगढी करवाने हेतु प्रार्थी अधिकारी है। इसलिए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम पांचाली तहसील सिकराय जिला दौसा में स्थित भूमि खसरा नंबर 77 रकबा 0.50 है0 पर पत्थरगढी कायम करने के आदेश तहसीलदार सिकराय को दिए जाते है। तहसीलदार सिकराय को पालना तहरीर जारी हो। तहसीलदार उपरोक्तानुसार पालना करें। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा।	